दैनिक

# नज़रिया खबर

भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त


पेज-04

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 343 | देहरादून, गुरुवार 12 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### बदरीनाथ से ऋषिकेश लौट रही तीर्थयात्रियों की बस में लगी आग



**देहरादून।** चारधाम की यात्रा कर बदरीनाथ से ऋषिकेश लौट रही तीर्थयात्रियों की बस में भद्रकाली के समीप आग लग गई। आग लगने से धुआं उठता देख यातायात पुलिस के जवानों ने बस को रोककर सभी तीर्थयात्रियों का बस से निकाला और आग बुझाई। घटना रात करीब 8.05 बजे की है। बदरीनाथ से तीर्थयात्रियों को लेकर एक निजी कंपनी की बस यूके07पीए 7650 ऋषिकेश छोड़ने आ रही थी। जैसे ही बस भद्रकाली से ढालवाला की तरफ मुड़ी तभी कुछ ही दूरी पर बस के आगे बाएं टायर के ऊपर इंजन में आग लगने से धुआं उठने लगा। मौके पर मौजूद यातायात पुलिस मुनिकीरेती के जवानों ने शोर मचाकर बस में आग लगने की सूचना चालक को दी। चालक ने हर्बल गार्डन के पास बस को रोका।

### स्वास्थ्य विभाग में बड़ा फेरबदल, कई डाक्टरों के तबादले

**देहरादून।** उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग में बुधवार को बड़ा फेरबदल हुआ है। विभाग में डॉक्टरों के बंपर तबादले हुए। डॉ. शिव मोहन शुक्ला को देहरादून के प्रेमनगर उप चिकित्सालय से तबादला कर पौड़ी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। वहीं, डॉ. नवीन चंद्र तिवारी को नैनीताल से तबादला कर अल्मोड़ा में प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। नौ वरिष्ठ चकित्साधिकारियों के तबादले हुए हैं। वहीं, अपर निदेशक के पदों पर पदोन्त दस चिकित्सकों के तबादले हुए हैं। संयुक्त निदेशक के पदों पर पदोन्नत चिकित्सकों के तबादले किए गए हैं।

## राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय, बैठक में छह प्रस्तावों को दी गई मंजूरी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्य कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में छह प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इन प्रस्तावों में कृषि, खनन, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास शामिल हैं। बैठक में जैव प्रौद्योगिकी परिषद से जुड़े मामले में कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। परिषद के दो केंद्रों में पहले से सृजित 46 पदों के संचालन के लिए नियमावली को मंजूरी दे दी गई। वहीं, हाईकोर्ट के निर्देशों के तहत खनन विभाग में 18 नए पदों को सृजित करने को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

कैबिनेट द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगोली ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के अन्तर्गत स्वायत्तशासी राज्य अनुदानित संस्था उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के संशोधित विभागीय संरचना/ढांचे के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया। उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद् के गठन के पश्चात् न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर पूर्व में परिषद् के हल्दी, पंतनगर स्थित मुख्यालय हेतु 34 पद एवं एडवांस सेन्टर फॉर कम्प्यूटेशनल एण्ड एप्लाईड बॉयोटेक्नोलॉजी, देहरादून हेतु 12 पद सहित कुल 46 पद सृजित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। परिषद् के स्वीकृत विभागीय संरचना/ढांचे में पदों की संख्या में परिवर्तन किए बिना विभागीय संरचना/ढांचे में मुख्यालय एवं देहरादून सेन्टर/अन्य सेन्टर हेतु समस्त पदों को एकीकृत (एकल संवर्ग) रूप में रखे जाने एवं भर्ती के स्रोत में परिवर्तन किये जाने का कैबिनेट द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।



कैबिनेट के फैसलों के बारे में जानकारी देते सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगोली।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के संरचनात्मक ढांचे में अतिरिक्त पद सृजित किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया। सुनवाई के दौरान दिये गये निर्देशों के समादर में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के ढांचे में विभागीय आवश्यकतानुसार पर्याप्त कार्मिकों की उपलब्धता कराये जाने हेतु अतिरिक्त पदों के सृजन को कैबिनेट ने मंजूरी दी त्र। इस प्रकार से कुल 18 पदों को बढ़ाया गया है। उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अधिनियम, 2012 के प्राविधानानुसार जनपद देहरादून के तहसील सदर एवं विकासनगर के अंतर्गत आसन नदी के प्रारम्भिक बिन्दु भट्टा फॉल से आसन बैराज (कुल लगभग 53.00 किमी0 लम्बाई) तक आसन नदी के दोनों तटों पर बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण की अधिसूचना के सम्बन्ध में लिया गया निर्णय।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित मूल आवेदन संख्याः 477/2022 राजेन्द्र गंगसारी बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में अधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांकः 19.03.2024 के अनुपालन में उत्तराखण्ड राज्य में नदियों के बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण की व्यवस्था हेतु अधिनियमित उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अधिनियम, 2012 के अन्तर्गत जनपद देहरादून के तहसील सदर एवं विकासनगर के अंतर्गत आसन नदी के प्रारम्भिक बिन्दु भट्टा फॉल से आसन बैराज (कुल लगभग 53.00 किमी० लम्बाई) तक आसन नदी के दोनों तटों पर चिन्हित भूमि को प्रतिषिद्ध तथा निर्बन्धित क्षेत्रों के सम्बन्ध में जारी अनन्तिम अधिसूचना संख्या–1141, दिनांकः 19.11.2024 के क्रम में अन्तिम अधिसूचना निर्गत किये जाने एवं राज्य की विभिन्न नदियों के बाढ मैदान परिक्षेत्रण हेतु पूर्व में निर्गत विभिन्न अधिसूचनाओं में उल्लिखित प्रतिषिद्ध तथा निर्बन्धित क्षेत्रों में अंकित अनुमन्य कार्यों में एस०टी०पी० का निर्माण, रोपवे टावरों का निर्माण, मोबाइल टावर का निर्माण, हाई टेंशन विद्युत ट्रॉन्समिशन हेतु टावर का निर्माण कार्य तथा ऐलिवेटेड रोड कॉरिडोर के लिए नींव एवं उपसंरचना आदि से सम्बन्धित निर्माण कार्यों को कैबिनेट द्वारा अनुमोदन दिया गया। लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड के चयनित 05 निरीक्षण भवनो का पी०पी०पी० माध्यम से संचालन द्वारा मुद्रीकरण किये जाने का कार्य यू०आई०आई०डी०बी को आवंटित किये जाने का निर्णय लिया गया। लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत स्थापित विभिन्न निरीक्षण भवनों/गेस्ट हाउस में से प्रथम चरण के अन्तर्गत 05 चयनित निरीक्षण भवनों (रानीखेत, उत्तरकाशी, दुग्गलबिट्टा, हर्षिल व ऋषिकेश) को पी०पी०पी० मोड में संचालित करते हुये उनका मुद्रीकरण का कार्य यू०आई०आई०डी०बी द्वारा किये जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिमण्डल द्वारा इस प्रतिबंध के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## उत्पादन लागत को कम की उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त करना आज की है आवश्यकता : बिष्ट

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ 2025 के अंतर्गत विकासखंड पोखड़ा में कृषक संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जैविक खेती, जल प्रबंधन, यंत्रीकरण, एफपीओ, बागवानी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल बीमा तथा पीएम किसान सम्मान निधि जैसी विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के कृषि (विस्तार) उप सचिव अनूप सिंह बिष्ट ने किसानों को नवाचारी और वैज्ञानिक कृषि अपनाने



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उत्पादन लागत को कम करते हुए उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त करना आज की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों को ई–नाम और डिजिटल एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन जैसे प्लेटफॉर्म से जोड़ने पर बल दिया, जिससे किसान सीधे बाजार से जुड़ सकें। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. विकेश यादव ने पहाड़ी क्षेत्रों में महिलाओं की कृषि में अहम भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने सिंचाई सुविधाओं, फलदार पौधों के रोपण और तकनीकी प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि खतौनी संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित किया जाएगा। भरसार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परविंदर कौशल ने किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज, मृदा परीक्षण, प्रसंस्करण, बाजार संपर्क और प्रशिक्षण के माध्यम से आयवृद्धि के उपाय अपनाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने वनों की आग, जंगली जानवरों की समस्या, घेरबाड़ की कमी तथा श्रमिकों की लागत जैसी प्रमुख समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस पर अधिकारियों ने पारंपरिक कृषि में यंत्रीकरण को शामिल करने, उन्नत पशुपालन को बढ़ावा देने और बागवानी के विस्तार जैसे समाधान सुझाए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने किसानों से फीडबैक प्राप्त कर उनकी समस्याओं की समीक्षा की और समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कृषि संबंधी व्यावहारिक चुनौतियों के निराकरण हेतु विभागीय समन्वय को भी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

12 June 2025_Copy of Layout 1 6/13/2025 4:20 PM Page 2



# संपादकीय

## अखिलेश यादव ने विमान दुर्घटना पर स्पष्टीकरण की मांग की

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, "मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि भले ही यह एक बड़ी दुर्घटना है, लेकिन इसमें कोई जान–माल का नुकसान न हो। हमारे पायलट भी सुरक्षित रहें, यही मेरी प्रार्थना है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना के बारे में तत्काल स्पष्टीकरण की बृहस्पतिवार को मांग की। इस दुर्घटना में कई लोगों के हताहत होने की आशंका है। लंदन जा रहा 'एअर इंडिया' का विमान बृहस्पतिवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 242 यात्री और चालक दल सवार थे। 'बोइंग' विमान अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास मेघाणीनगर इलाके में अपराह्न करीब दो बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''अहमदाबाद प्लेन क्रैश का तुरंत स्पष्टीकरण आए जिससे आशंकाओं का उन्मूलन हो सके।'' उन्होंने कहा, ''यात्रियों और क्रू के सदस्यों, सभी के लिए प्रार्थनाएं। सर्वोच्च स्तरीय बचाव, राहत और उपचार उपलब्ध कराया जाए।'' यादव ने बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होना बहुत दुखद है। विमान दुर्घटनाएं बड़ी घटनाएं होती हैं। इस घटना के बारे में अभी सीमित जानकारी है।" उन्होंने कहा कि सरकार ने यात्रियों के लिए राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया होगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, "मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि भले ही यह एक बड़ी दुर्घटना है, लेकिन इसमें कोई जान–माल का नुकसान न हो। हमारे पायलट भी सुरक्षित रहें, यही मेरी प्रार्थना है।

# स्वास्थ्य मंत्री रावत ने दिए चिकित्सालयों के सुदृढ़ीकरण का खाका तैयार करने के निर्देश



स्वास्थ्य मंत्री बैठक लेते हुए।

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय और उप चिकित्सालय के सुदृढ़ीकरण की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने स्वास्थ्य विभाग को इन सभी चिकित्सालयों को आधुनिक और संपूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदाता बनाने के लिए बड़े कदम उठाने के निर्देश दिए। मंत्री ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग अगले 5 माह में इन चिकित्सालयों की स्वास्थ्य सुविधाओं को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने के लिए बड़े प्रयास करें। कहा कि सरकार स्वास्थ्य विभाग को इसके लिए हरसंभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि इन चिकित्सालय में आम जनमानस को सभी बीमारियों की संपूर्ण चिकित्सा स्थानीय स्तर पर ही मिले, किसी भी पेशेंट को यहां से रेफर करने की नौबत नहीं आनी चाहिए। मंत्री ने सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की पूर्ति हेतु आकर्षक सेवा शर्तों का निर्धारण करने को कहा। अस्पतालों में किसी चिकित्सक के अवकाश की दशा में वैकल्पिक व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने स्वास्थ्य विभाग को टेलीमेडिसिन सेवाओं को एक्चुअल मेडिसिन सेवा में बदलने के लिए गंभीरता से प्रयास करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि टेली मेडिसिन सेवा मात्र औपचारिकता या नाम मात्र की सेवा बनकर न रह जाए बल्कि इसके वास्तव में बेहतर आउटकम भी निकले। मुख्य सचिव ने सभी मेडिकल कॉलेज और चिकित्सालय में फुली फंक्शनल ओटी तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओटी ऐसा हो जो आधुनिक चिकित्सा पद्धति के सभी तरह के मानक फुलफिल करता हो। कहा कि हमारा फोकस बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने पर होना चाहिए तथा स्वास्थ्य सेवाओं के इंप्रूवमेंट हेतु जो भी इक्विपमेंट क्रय किए जाते हैं उनका शत प्रतिशत उपयोग भी सुनिश्चित होना चाहिए।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य के मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय और उप जिला चिकित्सालय में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं तथा स्वास्थ्य शिक्षा से संबंधित विवरण प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया कि वर्तमान समय में सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों, सपोर्टिंग स्टाफ, एडवांस स्किल लैब, और ट्रामा सेंटर में और अधिक इंप्रूव की आवश्यकता है।

# विश्व का पहला कृषि आतंकवाद - कोविड-19 महामारी नें जैसे इंसानों को नष्ट किया वैसे फंगस फसलों को बर्बाद कर देता है



## चीनी साजिश पर दुनियाँ हैरान- अमेरिका को भूख मारने का था प्लान-फंगस के ज़रिए, अनाज, खाद्य पदार्थ, फसलों को बर्बाद करना था प्लान

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर आज आतंकवाद की एक ऐसी ट्रेंड सी चल पड़ी है, जिसमें आज कोई देश अछूता नहीं रह गया है। एक क्रिमिनल व्यक्ति या देश केदिमाग में अपने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष दुश्मनों के वजूद को ही मिटाने की आईडियाएं या सोच उभरती रहती है,जो सीधे मानव बम, केमिकल बम जैविक बम और अभी उभर के आया है कृषि जैविक बम! बनकर सब कुछ नष्ट कर देता है हमने अभी तक साइबर,जैविक इत्यादि अनेकों वेपंस के आतंकवाद का नाम सुने हैं, लेकिन अमेरिका में दिनांक 4 जून 2025 को देर शाम ऐसे चीनी दो व्यक्तियों को पकड़ा गया जो फंगस को तस्करी कर अमेरिका लाए थे, जो फसलों में तेजी से रोग पैदा कर संक्रमण के जरिए पूरी फसलों को पूरी तरह से बर्बाद कर देता है चाहे वह गेहूं मक्का बाजरा सहित कोई भी फसल हो इसे एक तरह से बायोवेपन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है जो दुश्मन देश को भूखा मरने पर मजबूर कर सकता है, क्योंकि इस वेपन के जरिए उस देश की पूरी फैसलें जहरीली व सूख जाती है, यानें किसी भी तरह से इंसानों के खाने लायक नहीं रहती, हमारी पीढ़ीयों कोकोविड–19 महामारी के बारे में हमेशा याद रहेगा जो तथाकथित चमदागड़ से चीन से उदय हुई थी,ऐसा संदेश व्यक्त किया गया था। एक तरह से कृषि आतंकवाद का नया वर्जिन आजाद हुआ है, जिसका पहला निशाना अमेरिका हो सकता था। हालांकि इसके पूर्व इसका प्रयोग 1943 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने ब्रिटेन में आलू की फसलों को नष्ट करने के लिए इसे विमान से छोड़ा गया था। चूँकि चीनी साजिश पर दुनियाँ हैरान,अमेरिका को भूखा मारने का था प्लान, फंगस के जरिए अनाज खाद्य पदार्थ फसलों को बर्बाद करना था प्लान तथा आधुनिक आतंकवाद व युद्ध मानवीय जीवों की मृत्यु,फसलों भोजन स्वास्थ्य संपत्तियों भूमि पानी हवा पर्यावरण यहां तक कि सभ्यता का भी विनाश करना है,जो दुखदाई है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व का पहला कृषि आतंकवाद,कोविड–19 महामारी जैसे इंसानों को नष्ट कर देती है वैसे फंगस फसलों को बर्बाद कर देता है जो रेखांकित करने वाली बात है।

साथियों बात अगर हम विश्व के पहले कृषि आतंकवाद की करें तो,हमने अक्सर साइबर टेररिज्म और इको टेररिज्म जैसे शब्द सुने हैं. हालांकि, अमेरिका में 4 जून को एग्रो टेररिज्म का एक दुर्लभ मामला सामने आया। अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई ने एग्रो टेररिज्म यानी कृषि आतंकवाद की साजिश के आरोप में दो चीनी नागरिकों को अरेस्ट किया है, एफबीआई के मुताबिक,उन दोनों ने फ्यूजेरियम ग्रामिनेरियम नामक एक खतरनाक फंगस चीन से अमेरिका में तस्करी की थी, यह ऐसा फंगस है, जो फसलों में रोग पैदा करके इन्हें बर्बाद कर देता है. इसे एग्रीकल्चर टेररिज्म वेपन के तौर पर इस्तेमाल किया जाता।कुल मिलाकर कहा जाए तो इस खतरनाक फंगस को जैविक हथियार यानी बायो वेपन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, इन दोनों चीनी नागरिकों पर मिशिगन कमें साजिश, फंगस की तस्करी, झूठे बयान और धोखाधड़ी का आरोप है, अमेरिका में एग्रो टेररिज्म की इस घटना से लोगों के मन में उत्सुकता जग गई है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, फंगस फ्यूजेरियम ग्रामिनेरियम एक संभावित एग्रो टेररिज्म हथियार है और यह अरबों डॉलर के नुकसान का कारण बन सकता है,यह एक खतरनाक हानि कारक फंगस है,जो गेहूं, जौ,जई और मक्का जैसी अनाज फसलों को संक्रमित करता है, वास्तव में इसे उन पांच सबसे विनाशकारी फंगल रोगाणुओं में से एक माना जाता है जो कृषि पारिस्थितिक तंत्र को प्रभावित करते हैं,अब सवाल है कि क्या चीन इस प्लान से अमेरिका को बर्बाद करने चला था? कितना खतरनाक है यह विशेषज्ञों का कहना है कि यह फ्यूजेरियम हेड ब्लाइट (एफएचबी) या 'स्कैब' नामक बीमारी का कारण बनता है,जो अनाज कीगुणवत्ता को नुकसान पहुंचाता है,और फसल की पैदावार को कम करता है, शोध के अनुसार, फंगस गेहूं की अमीनो एसिड संरचना में बदलाव करता है, जिससे दाने सिकुड़ जाते हैं और शेष अनाज दूषित हो जाता है, इस फंगस के गेहूं को प्रभावित करने की स्थिति में स्पाइकलेट्स की बाहरी सतह पर भूरे, गहरे बैंगनी–काले नेक्रोटिक घाव बन जाते हैं जो गेहूं के कान को तोड़ते हैं।चावल में यह प्रभावित बीजों को लाल कर देता है और बीज की सतह पर या पूरे बीज पर भूरे रंग के धब्बे पैदा कर सकता है,संक्रमित अनाज हल्के, सिकुड़े और भंगुर होते हैं।

साथियों बात अगर हम कृषि आतंकवाद के भारत पर प्रभाव पड़ने की करें तो,इसका मकसद अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना और समाज में तनाव पैदा करना होता है। यह तरीका सस्ता और पकड़ में आने में भी मुश्किल है। भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान लगभग 17 परसेंट है और देश की आधी से अधिक आबादी खेती से जुड़ी है। विशेष रूप से पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश जैसे सीमावर्ती राज्यों में, जो पाकिस्तान और चीन से सटे हुए हैं,कृषि आतंकवाद का खतरा अधिक गंभीर है। 2016 में बांग्लादेश से आए जहरीले फंगस मैग्नापॉर्थे ओराइजा पाथोटाइप ट्रिटिकम ने पश्चिम बंगाल के दो जिलों में भारी तबाही मचाई थी। सरकार ने इस खतरे को नियंत्रण में रखने के लिए तीन वर्ष तक वहां गेहूं की खेती पर प्रतिबंध लगाया।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व का पहला कृषि आतंकवाद – कोविड–19 महामारी नें जैसे इंसानों को नष्ट किया वैसे फंगस फसलों को बर्बाद कर देता है।चीनी साजिश पर दुनियाँ हैरान– अमेरिका को भूख मारने का था प्लान–फंगस के जरिए, अनाज, खाद्य पदार्थ,फसलों को बर्बाद करना था प्लान।आधुनिक आतंकवाद व युद्ध, मानवीय जीवन की मृत्यु, फसलों भोजन स्वास्थ्य संपत्तियों भूमि पानी हवा व पर्यावरण यहां तक कि सभ्यता का भी विनाश करता है जो दुखदाई है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

12 June 2025_Copy of Layout 1 6/13/2025 4:20 PM Page 3



# कैंची धाम में रील्स और वीडियो बनाने पर रहेगा प्रतिबंध, 15 जून को लगेगा विश्व प्रसिद्ध मेला

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जनपद में सुप्रसिद्ध कैंची धाम मेला 15 जून को शुरू होने जा रहा है। यदि आप कैंची धाम मेले में आने का प्लान कर रहे हैं तो इस बार इन चीजों का ध्यान जरूर रखना होगा। कैंची धाम मेले में मंदिर प्रशासन ने फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी व रील्स बनाने पर प्रतिबंध लगाया है। इस साल भी टैक्सी या निजी वाहन भवाली तक ही जाएंगे। वहीं हल्द्वानी–अल्मोड़ा राष्ट्रीय मार्ग पर 14 और 15 जून को जीरो जोन भी प्रभावी रहेगा।



पुलिस अधिकारी बैठक लेते हुए।

विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम का 15 जून को स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। स्थापना दिवस के मौके पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की पहुंचने की उम्मीद है। जिसको देखते हुए जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक की और अधिकारियों को निर्देशित किया। नैनीताल–भीमताल–भवाली और कैंची धाम तक सड़क मार्ग में किसी भी प्रकार के भंडारे, फूड वैन और ठेले वाले पूरी तरह से बंद रहने के निर्देश डीएम ने दिए हैं। हल्द्वानी, भीमताल, नैनीबैंड, भवाली, नैनीताल और गरमपानी से शटल सेवा चलेगी और दो पहिया वाहन शटल सेवा के माध्यम से ही जाएंगे। बुजुर्ग, बीमार एवं दिव्यांग के लिए दो अतिरिक्त शटल सेवा लगाई जाएंगी। जिलाधिकारी वंदना ने बैठक के दौरान श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए विभिन्न स्थानों में बनाए गए पार्किंग स्थलों में पेयजल, बिजली आपूर्ति, शौचालय, सफाई व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली और अधिकारियों को 12 जून तक सभी व्यवस्था पूरे करने के निर्देश दिए। मेले के दौरान सफाई व्यवस्था के संबंध में जिलाधिकारी ने मेला परिसर में नियमित साफ सफाई करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती, शिप्रा नदी में नियमित साफ सफाई करने के निर्देश दिए। कोई सेवादार सेवा देना चाहता है तो वह अपनी भूमि या पार्किंग स्थलों में सेवा दे सकता है, इसके लिए पूर्व में उपजिलाधिकारी कैंची धाम से अनुमति लेनी होगी। हल्द्वानी से भीमताल शटल सेवा में करीब 100 छोटे–बड़े वाहन, भीमताल से कैंची धाम से पुरानी वन विभाग की चौकी 40, नैनीताल से सेनिटोरियम तक 50 छोटे बड़े वाहन शटल सेवा में चलेंगे। जिलाधिकारी ने सभी मार्गों से आ रहे वाहनों पर कोडिंग कलर स्टीकर व निर्धारित किराया सम्बंधित स्टीकर लगाने के निर्देश दिए। जिससे सभी वाहन अपने मार्ग में सुचारू रूप से चल सके और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। कैंची धाम के समीप शार्ट कट मार्ग (छोटा रास्ता) से आवाजाही पूर्ण रूप से बंद रहेगी।

## राष्ट्र के लिए प्रेरक चैंपियंस का निर्माण

**देहरादून।** भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है, जिसमें लगभग 65 प्रतिशत लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं। यह विभिन्न पहलों के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण, कौशल वृद्धि और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करता है। भारत के खेल भविष्य को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने वित्त वर्ष 2025–26 के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय को 3794 करोड़ रु का रिकॉर्ड आवंटन किया है। इसका एक बड़ा हिस्सा, यानी 2,191.01 करोड़ रु, केंद्र की योजनाओं को आवंटित किया गया है, जिसमें प्रमुख खेलो इंडिया कार्यक्रम को 1,000 करोड़ रु मिले हैं। वित्त वर्ष 2014–15 में मंत्रालय को बजट आवंटन 1643 करोड़ रु था, जो 2025–26 में 130.9: की वृद्धि दर्शाता है।

2016–17 में शुरू की गई खेलो इंडिया–राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम, का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में जन भागीदारी और खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है।

# जनअदालत के दोषी, हरदा को भगवान की अदालत से भी राहत नहीं मिलेगीः बंशीधर

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा ने हरीश रावत को गोल्ज्यू मंदिर में न्याय की अर्जी लगाने के बजाय जनता के सामने पश्चाताप और अपराधिक स्वीकारोक्ति करने की सलाह दी है। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं वरिष्ठ विधायक श्री बंशीधर भगत ने तंज किया कि जनअदालत में कई बार दोषी साबित होने के बाद, अब उन्हें भगवान की अदालत से भी राहत नहीं मिलने वाली है। क्योंकि यही दाग वर्ग विशेष के बीच उन्हें अच्छे लगते हैं और वहां इस मुद्दे पर उन्हें सांप सूंघ जाता है।

विभिन्न माध्यमों पर पूछे मीडिया के सवालों का ज़बाब देते हुए उन्होंने, पूर्व सीएम हरीश रावत के मुस्लिम यूनिवर्सिटी और नमाज की छुट्टी के मुद्दे पर मंदिर में अर्जी लगाने को उनकी राजनैतिक हताशा बताया। कहा, जिस प्रकार हरदा इन दोनों प्रकरणों पर जनता के बीच स्वयं को दोष मुक्त साबित करने की बार बार कोशिश में लगे रहते हैं, वो इस बात का इशारा करता है कि उनकी दाल पूरी तरह काली है।

उन्होंने चुनाव जीतने के लिए तुष्टिकरण की नीति पर चलते हुए यह सब किया और कहा, तभी मीडिया और सोशल मीडिया में उनपर आरोपों की विश्वसनीयता बनी। उन्होंने याद दिलाया कि दोनों मौकों पर वे और कांग्रेस जनता की अदालत में न्याय मिलने की बात करते रहे और जनता ने उन्हें दोनों बार 2017 और 2022 के चुनावों में दोषी करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई।

# पुरानी रंजिश के कारण युवक को मारी थी गोली, पांच गिरफ्तार

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिले के रामनगर में चार दिन पहले एक युवक को गोली मारी गयी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए मंगलवार को शूटर सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अनुसार पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने इस वारदात को अन्जाम दिया।



पकड़े गए आरोपी।

पुलिस ने बताया कि सात जून शाम को जान से मारने की नीयत से कुछ युवकों ने रामनगर के इंदिरा कॉलोनी में रहने वाले मुकुल आर्या पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। इस दौरान गोली लगने से मुकुल आर्या गंभीर से घायल हो गया था। गोलीबारी के बाद इलाके में भगदड़ भी मच गई थी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पहुंची और घायल अवस्था में मुकुल आर्या को हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी। मंगलवार को पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया। रामनगर कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मामले की जांच के लिए वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल और उप निरीक्षक तारा सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी, इस टीम ने मुख्य शूटर ईशान उर्फ पव्वा, फारूख उर्फ सोनू और बिलाल सभी रामनगर के मोहल्ला खताड़ी के निवासी हैं, को गिरफ्तार किया है। इन तीनों के अलावा फरदीन निवासी ग्राम चिलकिया और मोहम्मद अर्श जो रामनगर के मोहल्ला गूलरघटटी का रहने वाला है, को भी गिरफ्तार किया है।

# हवाई फायर झोंककर भागने का प्रयास करने लगा युवक, लोगों ने धुनाई कर किया पुलिस के हवाले

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देहरादून आईएसबीटी फ्लाईओवर के नीचे किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद के बीच एक युवक हवाई फायर कर मौके से भागने लगा। तभी लोगों ने उसे पकड़ लिया और मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस को आरोपी के पास से देसी कट्टा भी मिला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।



पकड़ा गया आरोपी।

जानकारी के अनुसार पुलिस की गिरफ्त में आए युवक का नाम आयुष राठी है, जो देहरादून आईएसबीटी फ्लाईओवर के नीचे खड़ा होकर विक्रम (ऑटो) का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान वहां एक लड़का और एक लड़की का आपसी बातों को लेकर वाद विवाद हो रहा था, जिसमें ऑटो वाले और आसपास खड़े अन्य लोग लड़की की ओर से बीच बचाव करने लगे। शोरगुल सुनकर आयुष राठी भी मौके पर चला गया और बीच बचाव करने लगा। तभी वहां खड़ी भीड़ ने आयुष राठी को लड़के का साथी समझ कर उसके साथ भी वाद विवाद किया और मारपीट शुरू कर दी। उसी दौरान जिन युवक और युवती में आपसी विवाद हो रहा था, वह मौके से फरार हो गए, लेकिन मौके पर भीड़ आयुष राठी पर हावी होने लगी। इस पर आयुष राठी ने बचाव में अपने पास रखा अवैध देसी कट्टा निकाल के हवा में फायर कर दिया। इसके बाद तो लोगों ने आयुष राठी को पकड़कर उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। इस बीच पुलिस मौके पर पहुंची और आयुष राठी को अपने साथ ले गई। पुलिस ने जानकारी पर अज्ञात लड़की–लड़की के आपसी विवाद का मामला सामने आया था। विवाद के दौरान दोनों युवक–युवती मौके से फरार हो गए। आरोपी आयुष राठी को उससे अवैध देसी कट्टा बरामद होने के कारण गिरफ्तार किया गया है। वहीं जो वीडियो सामने आया है, उसमें एक व्यक्ति खुद के पैर में गोली लगने की बात कर रहा है, लेकिन इस तरह की कोई पुष्टि नहीं है। कोतवाली पटेल नगर प्रभारी चंद्रभान अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात को सूचना मिली कि आईएसबीटी फ्लाईओवर के नीचे किसी व्यक्ति ने फायर कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो एक देसी तमंचा बरामद हुआ, जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी आयुष राठी मौके पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आयुष राठी मूल रूप से बिजनौर का रहना वाला है, जो देहरादून में नया गांव के पास किसी प्राइवेट कॉलेज से मर्चेंट नेवी की तैयारी कर रहा है। आयुष राठी देसी कट्टा अपने मृतक दोस्त के घर बिजनौर से लेकर आया था।

# 'एक शाम सैनिकों के नाम' कार्यक्रम में राज्यपाल ने किया वीरता पदक विजेताओं एवं पूर्व सैनिकों का सम्मान

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन नैनीताल में सैनिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ''एक शाम सैनिकों के नाम'' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने वीरता पदक विजेताओं और सराहनीय कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अर्धसैनिक बल के जवानों और अधिकारियों को राज्यपाल द्वारा प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए।



पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते राज्यपाल।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड वीरों की भूमि है, जिसे 'देवभूमि' के साथ–साथ 'वीरभूमि' भी कहा जाता है। यहां अनेक वीर सपूतों ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का भारतीय सेनाओं में योगदान लगभग 18 प्रतिशत है, जो दर्शाता है कि यह राज्य वास्तव में देश की रक्षा की एक मजबूत रीढ़ है। देश पर बलिदान होने वाले हर पाँचवें सैनिक का उत्तराखण्ड से होना, यह कोई संयोग नहीं, बल्कि इस राज्य की रगों में दौड़ता राष्ट्र प्रेम है।

उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम हमारे उन वीरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक छोटा सा प्रयास है। यह हमारे सैनिकों और उनके परिवारों को संदेश देता है कि उनका बलिदान न केवल हमारे लिए अमूल्य है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। राज्यपाल ने हाल ही में संपन्न हुए "ऑपरेशन सिंदूर" का जिक्र करते हुए भारतीय सेना की रणनीतिक क्षमता, तकनीकी दक्षता और अदम्य साहस की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन इस बात का प्रमाण है कि भारत अब नई युद्ध प्रणालियों और आधुनिक तकनीकों के साथ पूरी तरह सजग और सक्षम है। उन्होंने कहा कि हमें अभी इन सभी चुनौमियों के लिए तैयार रहना होगा। इस ऑपरेशन में देश ने अपनी सेनाओं का मनोबल बढ़ाने के लिए एकजुटता दिखाई वह प्रशंसनीय है।

पूर्व सैनिकों की भूमिका की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनकी सेवा केवल वर्दी तक सीमित नहीं है। समाज में वे आज भी अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति के प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि देश के पुनर्निर्माण में उनका योगदान अनमोल है और युवाओं के लिए मार्गदर्शक है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि उत्तराखण्ड केवल वीर भूमि ही नहीं, बल्कि संभावनाओं की धरती भी है। प्रकृति ने इस राज्य को जो अपार संपदाएं दी हैं, उनका सतत और सृजनात्मक उपयोग करते हुए राज्य को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

## लापता नाबालिग बरामद, भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**देहरादून।** रायवाला थाना क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हुई नाबालिग को पुलिस ने गाजियाबाद से सकुशल बरामद कर लिया है। मौके से पुलिस ने नाबालिग को भगाकर ले जाने के आरोप में एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। रायवाला थाना प्रभारी निरीक्षक बीएल भारती ने बताया कि नाबालिग 17 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई थी। परिजनों द्वारा लापता किशोरी की काफी तलाश की. रिश्तेदारों मे भी खोजबीन की गई। लेकिन किशोरी का कहीं कुछ पता चला। 20 मई को गुमशुदा लड़की के भाई ने पुलिस को जानकारी देकर मदद की गुहार लगाई थी।

जांच में पुलिस को पता चला कि डोईवाला निवासी दीपक दास नाबालिग को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। नाबालिग को बरामद करने के लिए पुलिस टीम ने पहले पंजाब फिर हैदराबाद और फिर गाजियाबाद में छापेमारी की और नाबालिग को युवक के कब्जे से बरामद कर लिया।

# तीन और मरीजों में कोरोना की पुष्टि, कोरोना संक्रिमितों की संख्या हुई 38

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कोरोना वायरस के तीन और मामले सामने आने के बाद देहरादून जिले में मरीजों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है। कोरोना संक्रमण के मामलों को बढ़ते देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। बीते रोज देहरादून जिले के विकासनगर की रहने वाली 20 वर्षीय गर्भवती महिला कोरोना पॉजिटिव पाई गई है।

देहरादून के कोविड नोडल अधिकारी डॉ चंदन सिंह ने बताया कि गर्भवती होने के कारण महिला अपना रूटीन चेकअप कराने अस्पताल गई थी। अस्पताल में महिला की कोरोना जांच की गई, तो वह कोरोना पॉजिटिव पाई गई। महिला की स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। वह सुभारती अस्पताल में भर्ती है।

इसी तरह सहसपुर मेन बाजार का रहने वाला 45 वर्षीय व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। डॉ सीएस रावत ने बताया कि खांसी जुकाम बुखार जैसे लक्षण मिलने पर व्यक्ति ने जांच कराई, तो उसमें कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। तीसरा मामला जलवायु विहार टावर का है। यहां 41 वर्षीय महिला में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। यह महिला होम आइसोलेशन में है और उसमें कोरोना के हल्के लक्षण हैं। स्वास्थ्य महकमे के कोविड नोडल अधिकारी का कहना है कि जिले में लगातार कोविड जांच कराई जा रही है। सभी अस्पतालों में संक्रमितों के इलाज के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।

# उग्र भीड़ ने रवींद्रनाथ टैगोर के पुश्तैनी घर में की तोड़फोड़

**ढाका (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बांग्लादेश के सिराजगंज जिले में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवींद्रनाथ टैगोर के पुश्तैनी घर में भीड़ ने हमला कर तोड़फोड़ की। इस घटना के बाद अधिकारियों ने जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। मीडिया रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।



आठ जून को एक यात्री अपने परिवार के साथ सिराजगंज जिले में स्थित कचहरीबाड़ी नामक स्थान पर घूमने गया था। इस जगह को रवींद्र कचहरीबाड़ी या रवींद्र स्मारक संग्रहालय के नाम से भी जाना जाता है। वहां प्रवेश द्वार पर मोटरसाइकिल की पार्किंग फीस को लेकर उनकी एक कर्मचारी से बहस हुई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बाद में उस आगंतुक को कथित तौर पर एक दफ्तर के कमरे में बंद कर दिया गया और उसके साथ मारपीट की गई। इस घटना से नाराज होकर स्थानीय लोगों ने मंगलवार को मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद, एक उग्र भीड़ ने कचहरीबाड़ी के ऑडिटोरियम पर हमला कर दिया और वहां तोड़फोड़ की। साथ ही संस्था के एक निदेशक के साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद बांग्लादेश के पुरातत्व विभाग ने हमले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने दी।

कचहरीबाड़ी के संरक्षक मोहम्मद हबीबुर रहमान ने पत्रकारों को बताया कि अपरिहार्य कारणों से आगंतुकों के लिए कचहरीबाड़ी को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

# गुमखाल से सतपुली एनएच 119 पर हुए विवाद में युवक की हत्या के मामले में हुई कार्यवाही

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के लोकनिर्माण, पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने एनएच 119 (नया एनएच–534) के किमी 175.00 से किमी 196.00 (गुमखाल से सतपुली) तक पक्की सड़क के साथ दो लेन का पुनर्वास और उन्नयन और सुदृ ढ़ीकरण का कार्य करवाने वाली मेसर्स कल्याण–शिवालिक इंफ्रा (जेवी) के पोकलैंड चालक द्वारा मलबा हटाने और सड़क खोलने को लेकर हुए विवाद के बाद डांडामंडी, दुगड्डा निवासी युवक की हत्या का संज्ञान



लेते हुए उक्त कंपनी का अनुबंध तत्काल निलंबित करने के एनएच अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने एनएच 119 (नया एनएच–534) के किमी 175.00 से किमी 196.00 (गुमखाल से सतपुली) तक पक्की सड़क के साथ दो लेन का पुनर्वास और उन्नयन और सुदृढ़ीकरण का कार्य करवाने वाली मेसर्स कल्याण–शिवालिक इंफ्रा (जेवी) के पोकलैंड चालक द्वारा मलबा हटाने और सड़क खोलने को लेकर हुए विवाद के बाद डांडामंडी, दुगड्डा निवासी युवक सुमन देवरानी की हत्या का संज्ञान लेते हुए उक्त कंपनी का अनुबंध तत्काल निलंबित करने और दोषी पोकलैंड चालक के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

ज्ञात हो कि 7 जून 2025 की रात्रि में पहाड़ कटान के पाश्चात मार्ग को खोले जाने के सम्बन्ध में मेसर्स कल्याण–शिवालिक इंफ्रा (जेवी) के पोकलेन चालक और आवागमन करने वाले यात्रियों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई जिसके पश्चात पोकलेन वाहन चालक द्वारा 01 यात्री को पोकलेन मशीन द्वारा क्षति पहुंचाई गई जिसके पश्चात उसकी मृत्यु हो गयी। उक्त प्रकरण का लोक निर्माण मंत्री श्री महाराज ने विस्तृत संज्ञान लेते हुए कहा कि कार्यदायी कंपनी को अपने कर्मचारियों द्वारा या उनके बीच किसी भी गैरकानूनी, उपद्रवी या अव्यवस्थित आचरण को रोकने के लिए तथा कार्य स्थल के आसपास के क्षेत्र में शांति और लोगों तथा संपत्ति की सुरक्षा बनाए रखने के लिए हर समय सभी उचित सावधानियां बरतनी चाहिए थीं लेकिन वह ऐसा करने में असफल रही है। इतना ही नहीं कंपनी द्वारा कई स्थानों पर कार्यस्थल से पहाड़ कटान के पश्चात मलबा पूर्ण रूप से नहीं हटाया गया है जिससे आने जाने वाले यात्रियों को पूर्ण रूप से सुरक्षित यातायात उपलब्ध नहीं कराया गया। एनएच अधिकारियों ने लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज के सख्त रुख और उसके निर्देशों का पालन करते हुए तत्काल प्रभाव से कंपनी के अनुबन्ध के निलंबन की संस्तुति कर दी है।

12 June 2025_Copy of Layout 1 6/13/2025 4:20 PM Page 5



# डीएम ने जल स्त्रोतों, जलाशयों के जल संरक्षण के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बुधवार को स्प्रिंग एण्ड रीवर रिजुविनेशन अथारिटी(सारा) की बैठक ली। बैठक में सारा के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की प्रगति समीक्षा, आगामी वित्तीय वर्ष के प्रस्तावों व 1 करोड़ से ऊपर की तीन योजनाएं मोथूगाड, आटागाड व चन्द्रभागा गदेरे के डीपीआर गठन को लेकर चर्चा की गयी।

जिलाधिकारी ने क्रिटीकल जल स्त्रोतों, नदियों, जलाशयों के जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बद्रीनाथ व केदारनाथ वन प्रभाग को सारा के निर्धारित फॉर्मेट में डीपीआर तैयार करने के साथ ही अपने स्तर से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर प्रस्ताव देने के निर्देश दिए कहा कि अच्छे प्रस्तावों को लेकर बजट कोई कमी नहीं होगी। साथ ही सिंचाई विभाग को सारा में



प्रस्तावित चंद्रभागा गदेरे, सिंवाई की डीपीआर तैयार करते हुए शासन को भेजने और सूगी गदेरे की डीपीआर की क्वेरी को रिजॉल्व करते हुए आज ही शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। वहीं बैठक में गलत सूचना देने पर जल निगम के सहायक अभियन्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सारा के नोडल अरविन्द नेगी ने बताया कि सारा के अन्तर्गत जल संवर्धन एवं संरक्षण के लिए चाल खाल, खन्तियों, चेकडैम का निर्माण एवं वृक्षारोपण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में 87 क्रिटीकल स्त्रोत चिन्हित किए गए हैं और वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए सारा में बद्रीनाथ डिवीजन ने 05 व केदारनाथ ने 04 व सिंचाई विभाग 03 ने प्रस्ताव दिए हैं। इस दौरान जिला विकास अधिकारी केके पन्त, परियोजना निदेशक आनंद सिंह अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# गौचर में पनाई की 98 वां रामलीला श्री राम के राज्याभिषेक समारोह के साथ संपन्न हुई

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पनाई रामलीला मंडली की रामलीला मैदान गौचर में आयोजित हुई 98 वां रामलीला मंचन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी को राज्याभिषेक समारोह के साथ संपन्न हुआ।

विगत 30 मई से शुरू हुई रामलीला मंचन मंगलवार देर सायं राम, लक्ष्मण, सीता माता की भव्य एवं दिव्य झांसी, भरत व शत्रुघ्न भेंट और हनुमान जी के प्रस्तुतिकरण तथा प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हो गई। राजतिलक समारोह में राम के पात्र के रूप में विवेक जोशी, लक्ष्मण के पात्र में जयवीर भंडारी, सीता के पात्र में आदित्य भंडारी, हनुमान जी में प्रदीप नेगी, भरत व शत्रुघ्न के रूप में किशन बिष्ट व कार्तिक लिंगवाल की भूमिका सराहनीय रही। इसके अलावा विभीषण, सुग्रीव, अंगद, नल – नील जामवंत ने भी समारोह की शोभा बढ़ाई। राजतिलक समारोह के इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मोहन सिंह भंडारी, पालिकाध्यक्ष गैरसैंण, रामलीला मंडली पनाई के अध्यक्ष उमराव सिंह नेगी, पालिकाध्यक्ष गौचर संदीप नेगी, आदि मंडली कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

# इंदिरा हृदयेश की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा 13 जून को आयोजित

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** 13 जून को नैनीताल रोड स्थित होटल सौरभ में आयोजित होगी स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश की चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने जानकारी देते हुए बताया कि हल्द्वानी की राजनीति और उत्तराखंड के विकास में अद्वितीय योगदान देने वाली जनप्रिय आयरन लेडी नेत्री स्वर्गीय डॉ. श्रीमती इंदिरा हृदयेश जी की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम 13 जून 2025, शुक्रवार को शाम 5 बजे से होटल सौरभ, नैनीताल रोड, हल्द्वानी में आयोजित होगा।सुमित हृदयेश ने कहा कि "मेरी माताजी, स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश जी केवल एक राजनेता नहीं थीं, बल्कि वे विकास, सुशासन और जनसेवा की प्रतीक थीं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन प्रदेश के उत्थान और आमजन की सेवा के लिए समर्पित किया। उनका व्यक्तित्व, उनकी कार्यशैली और उनका समर्पण भाव आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगा।यह श्रद्धांजलि सभा न केवल उनके योगदान को स्मरण करने का अवसर है, बल्कि हम सभी के लिए यह संकल्प लेने का भी क्षण है कि हम उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर समाज और प्रदेश की सेवा करते रहें।सभी क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों और समर्थकों से समय पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की।

# स्थलीय निरीक्षण करने के बाद ही लिया जाएगा निर्णयःडीएम

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बुधवार को जिला सभागार गोपेश्वर में जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में पिटकुल के अधिकारियों और पीपलकोटी की स्थानीय जनता के बीच सेमलडाला के मैदान में बन रहें कार्यालय और आवसीय भवनो को लेकर चर्चा हुयी।

जिला अधिकारी संदीप तिवारी ने कहा क्षेत्र में सबस्टेशन बनने से जनता को बिजली की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। चूकि आने वाले समय में विद्युत की डिमांड ज्यादा होगी और विकास कार्यों को गति देने के लिए भी बिजली की आवश्यकता होगी ऐसे में स्थानीय जनता से मेरा अनुरोध है कि पिटकुल से आपसी समन्वय कर बीच का रास्ता निकाले , जिससे विकास कार्यों में कोई बाधा ना आये



और ना ही जनभावनाये आहत हो। लोगों ने सेमलडाला मैदान में हो रहें निर्माण कार्य पर विरोध जताया और कहा इस मैदान को स्थानीय लोगों द्वारा खेल,मेलों,विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु और आपदा के समय इस मैदान को सुरक्षित जगह के रूप में इस्तेमाल किया जाता है ऐसे में यह उनके लिए बहुत उपयोगी है । स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी महोदय से निवेदन किया एक बार इसका मौके पर निरीक्षण करें फिर जो भी निर्णय होगा हमें मंजूर होगा। जिलाधिकारी ने जनभावनाओं का सम्मान करते आगामी मंगलवार को सेमलडाला मैदान के स्थलीय निरीक्षण के आदेश दिए और कहा जो निर्णय पूरे क्षेत्र की जनता के हित में होगा वही लिया जायेगा।

# डीएलएड तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा नवप्रवेशी प्रथम सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं का स्वागत किया

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौचर, चमोली में डीएलएड तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा नवप्रवेशी प्रथम सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं का स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली के प्राचार्य आकाश सारस्वत के के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ हुआ। डायट प्राचार्य ने अपने संबोधन में नवप्रवेशी प्रशिक्षुओं को मंगलमय भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की। अपने संबोधन में प्राचार्य ने यह भी कहा कि शिक्षा एक पवित्र कार्य है







इसकी तुलना किसी दूसरे व्यवसाय से नहीं की जा सकती है नवप्रवेशी प्रशिक्षुओं को चाहिए कि वह पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण लें जिसका लाभ आने वाली पीढ़ी को मिल सके। डायट चमोली में इस वर्ष डीएलएड प्रथम सेमेस्टर में 32 प्रशिक्षुओं का दाखिला हुआ है। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ जिसमे रैंप वॉक, म्यूजिकल चेयर, पिरामिड मेकिंग प्रतियोगिता के साथ कई अन्य गतिविधियाँ सम्मिलित रहीं। प्रथम सेमेस्टर के सभी प्रशिक्षुओं ने बढ़–चढ़ कर सभी गतिविधियों में प्रतिभाग किया। स्वागत पार्टी का समापन मिस्टर व मिस फ्रेशर्स के चुनाव के साथ हुआ जिसमे संजय भाकुनी व आयशा भंडारी क्रमशः मिस्टर व मिस फ्रेशर्स चुने गए। कार्यक्रम के आयोजन में पवन गौड़, मोहित, राहुल कुमार, रवीना, रिंकी, मोनिका, प्रियंका व शालिनी समेत तृतीय सेमेस्टर के सभी प्रशिक्षु शामिल थे। मंच संचालक की भूमिका में राहुल शाह एवं हर्षवर्धन गौड़ रहे।

इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के संकाय सदस्य रविन्द्र सिंह बर्तवाल, योगेन्द्र सिंह बर्तवाल, बीरेंद्र सिंह कठैत , डॉक्टर कमलेश कुमार मिश्र, बचन जितेला, सुबोध कुमार डिमरी, सुमन भट्ट नीतू सूद , मुकेश राणा, मनोज धप्वाल मौजूद रहे।

12 June 2025_Copy of Layout 1 6/13/2025 4:20 PM Page 6



# सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: सीएम धामी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्य हेतु अगले 10 वर्षों के लिए हैली सेवाओं की कार्ययोजना बनाएगी यूकाडा सीएम धामी ने उत्तराखण्ड में सेवाएं दे रहे सभी हैली सर्विस प्रोवाइडर्स और ऑपरेटर्स को कड़े शब्दों में स्पष्ट किया है कि हैली सेवाओं के सुरक्षा मानकों से किसी भी तरह का समझौता नही किया जाना चाहिए।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बैठक लेते हुए।

मुख्यमंत्री धामी ने साफ तौर पर कहा कि हैली सेवा लेने वाले यात्रियों की अधिकाधिक आंकड़ों से आत्ममुग्ध हुए बिना सुरक्षा मानकों को शीर्ष प्राथमिकता दी जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने गत वर्षों में हुए हैली दुर्घटनाओं की आडिट व निरन्तर समीक्षा के भी निर्देश दिए है ताकि इनकी पुनरावृति ना हो। उन्होंने कहा कि राज्य के नोडल के रूप में यात्रियों की सुरक्षा हमारा का सबसे बड़ा दायित्व हैं। सीएम श्री पुष्कर सिंह धामी ने हैलीकॉप्टर के नियमित फिटनेस जांच का सख्ती से पालन, हैलीकॉप्टर टिकट बुकिंग हेतु ठोस व प्रभावी एसओपी बनाने एवं उच्च हिमालयी क्षेत्रों में चलने वाले हैलीकॉप्टर के इंजन के सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने कड़े निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड में अपनी सेवाएं दे रहे सभी हेलीकॉप्टर सर्विस प्रोवाइडर्स तथा ऑपरेटर्स, यूकाडा, एएआईबी एवं डीजीसीए के साथ प्रदेश की हैली सर्विस सेवाओं की समीक्षा कर रहे थे।

मौसम के कारण हैली सेवाओं में बाधाओं, मौसम की सटीक जानकारी एवं सुरक्षा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री श्री धामी ने केदार वैली के साथ ही अन्य सभी चारधाम वैली में वैदर कैमरा लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यूकाडा को भविष्य में केवल डबल इंजन हैलीकॉप्टर्स संचालित करने हेतु ठोस पॉलिसी तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने यूकाडा एवं सम्बन्धित स्टेकहोल्डर्स को वैष्णो देवी में संचालित की जा रही हैली सर्विस मॉडल का अध्ययन करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने अत्यधिक अनुभवी पायलटों को ही राज्य में हैली सेवाओं में रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री धामी ने हैली ऑपरेटर्स को यात्रियों के साथ संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने की भी सख्त नसीहत दी है ताकि दुनियाभर से आने वाले पर्यटक देवभूमि से सुखद अनुभव लेकर जाए। उन्होंने हैली ऑपरेटर्स एवं प्रशासन को चारधाम मार्गों पर स्वच्छता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में हैली सेवाओं की बढ़ती मांग को देखते हुए राज्य में बहुत से हैलीपेड निर्माणाधीन हैं। इस वर्ष अभी तक 66000 से अधिक यात्री हैली शटल सेवाओं की सुविधा का लाभ उठा चुके हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूकाडा को राज्य हेतु अगले 10 वर्षो के लिए हैली सेवाओं की कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी आज की बैठक में दिए हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन एवं चारधाम राज्य होने के कारण हैली सेवाओं की मांग राज्य में अधिकाधिक बढ़ने वाली है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण भविष्य में हैली सेवाओं राज्य का आधार होंगी। बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, आर मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव सचिन कुर्वे, अपर सचिव सोनिका एवं राज्य में सेवाएं दे रहे सभी हैली एवं चाटर्ड सर्विस ऑपरेटर्स मौजूद थे।

## ऑपरेशन लगाम के तहत कर्णप्रयाग पुलिस की कार्यवाही

**चमोली।** जनपद भर में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और सार्वजनिक स्थानों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे ष्ऑपरेशन लगामष् के तहत कर्णप्रयाग कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों, होटलों तथा ढाबों में अवैध रूप से शराब पीने–पिलाने वालों के विरूद्ध एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया।

इस अभियान के दौरान कर्णप्रयाग बाजार स्थित प्रिंस होटल में संचालक द्वारा अपने होटल में बिना किसी वैध लाइसेंस या आवश्यक कागजात के ग्राहकों को शराब परोसी जा रही थी। कोतवाली कर्णप्रयाग पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए होटल संचालक के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत ₹10,000 का चालान जारी किया गया।

इसके अतिरिक्त होटल में शराब पी रहे दो अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध भी नियमानुसार चालानी कार्यवाही की गई। जिन्हें भविष्य में ऐसा न करने की सख्त हिदायत दी गयी।

# अवैध निर्माणों और प्लॉटिंग पर की गई सिलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत, विभिन्न स्थानों विकासनगर, सहस्त्रधारा रोड, मालसी, मेहुंवाला माफी में किये जा रहे अवैध निर्माणों, प्लॉटिंग आदि पर कार्यवाही करते हुये सिलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

शैलन्द्र नेगी द्वारा आई0टी0 पार्क सहस्त्रधारा रोड में टिन सैड डालकर किये गये अवैध निर्माण को सील किया गया। चेतन छाबडा द्वारा दून डिवाईन आई0टी0 पार्क सहस्त्रधारा रोड में किये गये अवैध चार मंजिला भवन को भी सील किया गया। आशीष गुप्ता व कुनाल द्वारा सप्लाई रोड निकट ओरिना मालशी देहरादून में अवैध रूप से निर्मित बहुमंजिले भवन को पर भी शीलिंग की कार्यवाही की गयी।

ऋषिराज शर्मा द्वारा निकट अनुराग डेरी लैमन रोड एटनबाग विकास नगर में अवैध निर्मित दुकानों व भवन को शील किया गया उक्त कार्यवाही में सहायक अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियन्ता अमन पाल, सुपरवाईजर प्यारे लाल जोशी और पुलिस फोर्स मौजूद रही। सुरेश कुमार आदि द्वारा मेहुवाला माफी निकट दुर्गा विहार कलोनी देहरादून में लगभग 12 से 13 बिघा में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर कार्यवाही करते हुये ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही में सहायक विजय सिंह रावत, अवर अभियन्ता जितेन्द्र सिंह, सुपरवाइजर राकेश मौजूद रही।

# उत्तराखंड में रेल हादसे की बड़ी साजिश विफल

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** असामाजिक तत्वों द्वारा उत्तराखंड में रेल हादसा कराने का प्रयास किया गया है। यह मामला लालकुआं–काशीपुर रेलमार्ग पर हुआ। रेल पलटाने की साजिश का समय रहते खुलासा होने से रेल अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

जानकारी के मुताबिक लालकुआं काशीपुर रेल मार्ग पर असामाजिक तत्वों द्वारा रेल पटरी से छेड़छाड़ करने का एक बार फिर प्रयास किया गया है। घटना के बाद रेल महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची रेलवे प्रशासन के टीम और जीआरपी पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रेलवे लाइन को ठीक किया है। घटना लालकुआं–काशीपुर रेल खंड के समीप गूलरभोज रेलवे स्टेशन के पास



जांच–पड़ताल करती टीम।

की बताई जा रही है। गूलरभोज रेलवे स्टेशन से लगभग 300 मीटर आगे पोल संख्या–38 व ठंडी नाला के बीच में रेल पटरियों से लगी हुई लोहे की अर्थिंग पत्तियों को असामाजिक तत्वों द्वारा खोलकर रेलवे ट्रैक पर रखा गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर थाना प्रभारी जीआरपी काठगोदाम द्वारा अन्य अधिकारियों के साथ जाकर मुआयना किया गया। इस दौरान रेलवे की टेक्निकल टीम ने रेल लाइन को ठीक किया। यह घटना मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है। थानाध्यक्ष जीआरपी काठगोदाम ने बताया कि मंगलवार 10 जून को गूलरभोज रेलवे स्टेशन से लगभग 300 मीटर आगे पोल संख्या 38 व ठंडी नाला के बीच रेल पटरियों से छेड़छाड़ की गई थी।

# रेल विकास निगम के खिलाफ धरना प्रदर्शन आपसी सहमति बनने पर समाप्त हुआ

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ऋषिकेश – कर्णप्रयाग रेल परियोजना के तहत सिवाई में मां चंडिका देवी जिलासू की जल धारा पुनर्निर्माण कार्य को लेकर चला आ रहा धरना प्रदर्शन रेलवे विकास निगम व निर्माणदाई संस्थाओं के मध्य हुए समझौते के आधार पर समाप्त हो गया है।



चंडिका देवी मंदिर समिति जिलासू व देवरा यात्रा समिति सहित ग्रामीण ऋषिकेश – कर्णप्रयाग रेल परियोजना के निर्माण स्थल सिवाई में रेलवे विकास निगम व निर्माणदाई संस्थाओं के विरुद्ध 09 जून से सिवाई में धरना प्रदर्शन कर रहे थे। जिससे रेलवे परियोजना का निर्माण कार्य भी बंद था। आज 11 जून को मंदिर समिति, देवरा यात्रा समिति तथा रेलवे निर्माण निगम व निर्माणदाई संस्थाओं के मध्य चंडिका देवी जिलासू की जल धारा पुनर्निर्माण कार्य पर बनी सहमति से धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया है। आपसी सहमति के आधार पर हुए समझौते के दौरान तहसीलदार पोखरी किशोर रोतेला, मंदिर समिति व देवरा यात्रा समिति अध्यक्ष दिलवर सिंह चौहान, उपाध्यक्ष संदीप चौहान, सचिव ईश्वर सिंह राणा, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह रावत, सदस्य मंदिर समिति संजय रावत के अलावा रेल विकास निगम के सूरज कुमार सैनी, कुमाल डिप्टी मैनेजर, योगेश्वर सिंह पीएम ध् डीबीएल, रोजेश कुमार जीएम ध् मैक्स, रविन्द्र वर्मा पीएमध् मैक्स मौजूद रहे।

देवरा यात्रा समिति के अध्यक्ष दिलवर सिंह चौहान व सचिव ईश्वर सिंह राणा ने बताया कि आपसी सहमति बनने और कार्यदाई संस्था द्वारा चंडिका देवी जिलासू की जल धारा शिफ्टिंग का कार्य प्रारंभ किऐ जाने से पिछले तीन दिनों से चला आ रहा धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया है।

# मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए प्रदेश में 1000 से अधिक नए बूथ होंगे स्थापितः मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देशों के क्रम में बुधवार को सचिवालय में मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को दी जा रही सुविधाओं, सूचना तंत्र को सुदृढ़ करने को किए जा रहे प्रयासों सहित अन्य सुधारात्मक पहलों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।



संवाद के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हाल में ही मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए अनेक प्रभावी कदम उठाए गए हैं। वहीं प्रदेश में नई पहल करते हुए मतदाता जागरूकता के लिए भी स्वीप गतिविधियों के माध्यम से माहवार अलग–अलग थीम पर कार्य किया जा रहा है। डॉ पुरुषोत्तम ने बताया कि आयोग द्वारा मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1500 से 1200 तक सीमित कर दी गई है। जिससे प्रदेश में लगभग 1 हजार से अधिक नए बूथ स्थापित किए जाएंगे। बताया कि नए बूथ स्थापित होने से मतदाताओं को और सुविधा होगी। बूथ पर लंबी लाइन नहीं लगेंगी और मतदाताओं के घर के समीप ही बूथ उपलब्ध हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि आयोग के नए दिशा निर्देशों के अनुसार ऊंची इमारतों/कॉलोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जा सकेंगे। मतदाता सूची अपडेशन के लिए, मृत्यु पंजीकरण का डेटा सीधे आरजीआई डेटाबेस से प्राप्त किया जाएगा और सत्यापन के बाद अपडेट किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक मतदान केंद्र पर मोबाइल डिपॉजिट केंद्र की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वोटर इनफार्मेशन स्लिप को अधिक मतदाता अनुकूल बनाया जाएगा। मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया की मान्यता प्राप्त दलों के साथ उत्तराखंड में अब तक 85 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि सीईओ स्तर पर 2, डीईओ स्तर पर 13 और ईआरओ स्तर पर 70 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की गई हैं। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा नई दिल्ली में बूथ लेवल ऑफिसरों का भी प्रशिक्षण कार्यक्रम समय–समय पर आयोजित किया जा रहा है।

पहले चरण में प्रदेश के 70 बीएलओ/सुपरवाईजर्स को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट तैनाती की प्रक्रिया भी गतिमान है। इस अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं मीडिया नोडल मुक्ता मिश्र ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी दिया।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**देहरादून।** उत्तराखंड एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) ने साइबर ठग को महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल कर लोगों को ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश का लालच देता है।

जो लोग इस गिरोह के झांसे में आ जाते थे, उनसे ये गिरोह ऑनलाइन ठगी किया करता है। इसी तरह इस गिरोह ने करीब 81.45 लाख रुपए की ठगी की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम वैभव मनोज गाडगे है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने उधम सिंह नगर जिले के एक व्यक्ति को अपने जाल में फंसाया था। जिनमें पहले से जुड़े हुए लोगों द्वारा खुद के द्वारा निवेशित धनराशि पर प्राप्त लाभ सम्बन्धी स्क्रीनशॉट शेयर किये जाते थे, जिससे ग्रुप में जुड़े अन्य पीड़ित इनके झांसे में आकर ऑनलाइन ट्रेडिंग में कम समय में कम समय में अधिक मुनाफा कमाने के लालच में अपनी धनराशि निवेश कर देते थे।

## महिला को निवाला बनाने वाले गुलदार को वन विभाग की टीम ने किया ढेर

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिले के जखोली स्थित मखेत गांव में महिला को मारने वाले गुलदार को वन विभाग की टीम ने ढेर कर दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को देर शाम महिला अपने घर के समीप बगीचे में निराई–गुडाई कर रही थी। तभी गुलदार ने हमला कर दिया। रामेश्वरी देवी जब तक वह कुछ समझ पाती, गुलदार ने उनकी गर्दन को दांत व नाखून से बुरी तरह से जख्मी कर दिया और घसीटते हुए झाड़ियों में ले गया। करीब 7.30 बजे जब उनका बेटा चंद्रशेखर दुकान से घर पहुंचा तो मां को आवाज लगाई, कोई जवाब नहीं मिलने पर बुजुर्ग पिता से पूछा।उन्होंने बताया कि वह खेत में गई थी जिससे वह खेत पर पहुंचा, वहां उसकी नजर खेत में बिखरे खून पर पड़ी। उसके शोर मचाने पर अन्य लोग पहुंचे और महिला की तलाश शुरू की। महिला का शव खेत से लगभग दो सौ मीटर दूर झाड़ियों में मिला।

गुस्साए ग्रामीणों ने कहा कि दस दिन पहले भी गुलदार ने एक महिला को मार दिया था, लेकिन वन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। 30 मई को डांडा गांव में रूपा देवी (59) को भी गुलदार ने घर के पास खेत में काम करते समय मार दिया था। वहीं 25 फरवरी को भी देवल गांव में गुलदार ने बुजुर्ग महिला को मार दिया था।

## सभी निकाय शासन को सत्यापन रिपोर्ट प्रेषित करें: डीएम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बसंल ने निकायों को निर्देश दिये कि ही शासन को रिपोर्ट प्रेषित करें। मंगलवार को यहां जिलाधिकारी सविन बंसल ने नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट मरम्मत एवं अन्य संविदात्मक कार्यों में लगे मजदूरों के आधार कार्ड सत्यापन आख्या आतिथि तक उपलब्ध न कराए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है।



जिलाधिकारी बैठक लेते हुए।

डीएम ने निकायों को आज ही सत्यापन आख्या सचिव गृह, उत्तराखंड शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए है। शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी ने विगत 18 मई को नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट मरम्मत एवं अन्य संविदात्मक कार्यों में लगे मजदूरों के आधार कार्ड सत्यापन आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए थे। एडीएम केके मिश्रा ने बताया कि आतिथि तक निकायों से सत्यापन आख्या नही मिली है, जो शासकीय कार्यो में लापरवाही है। डीएम ने सभी निकायों को आज ही सत्यापन रिपोर्ट शासन को प्रेषित करने के निर्देश जारी किए है। जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार ने विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों के आधार कार्ड सत्यापन को अनिवार्य किया है। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर निगम, नगर पालिका व पंचायत आज ही संविदात्मक कार्यों में लगे मजदूरों के आधार कार्ड संबंधी सत्यापन आख्या आज ही उत्तराखंड शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में डीएम के "प्रोजेक्ट उत्कर्ष" से आधुनिक बनते जिले के समस्त सरकारी स्कूल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बसंल सरकारी स्कूलों में संसाधन बढाने को निरंतर प्रयासरत हैं, जिलाधिकारी के प्रोजेक्ट उत्कर्ष के अन्तर्गत सरकारी स्कूलों में आधुनिक सुविधाएं बढाने पर निरंतर जोर दिया जा रहा हैं, जिसके तहत स्कूलों में फर्नीचर, खेल अवस्थापना सुविधाएं, के साथ डिजिटल कक्षा बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

इसके लिए ओएनजीसी एवं हुडको ने भी जिलाधिकारी के प्राजेक्ट में उत्सुकता दिखाते हुए स्कूलों में सुविधाएं स्थापित करने को सहयोग किया है। ओएनजीसी ने स्कूलों में



फर्नीचर आदि व्यवस्था की है जबकि हुडको द्वारा एलईडी स्क्रीन, एलईडी बल्ब आदि सुविधाएं स्थापित की हैं। जिला प्रशासन का प्रोजेक्ट "उत्कर्ष" मात्र नामकरण; घोषणा; प्रचार नहीं, बल्कि जिले के स्कूलों को आत्म विश्वासी बनाने का आधार है जिसके तहत् अपने सरकारी स्कूल के बच्चे भी अब किसी पहलू में निजी स्कूलों के बच्चों से पीछे नही रहेंगे। जिलाधिकारी खनिज न्यास, जिला योजना, सीएसआर फंड से रू0 6 करोड़ का फंड जुटा जो अपने जिले के स्कूलों को आधुनिक बनाने के लक्ष्य प्राप्ति की ओर तेजी से अग्रसारित है।

मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में, डीएम के "प्रोजेक्ट उत्कर्ष" से जिले के स्कूल आधुनिक बन रहे हैं, जिसकी नीव जिलाधिकारी ने जिले पदभार ग्रहण करते ही रख दी थी। जिले के 168 माध्यमिक विद्यालयों में 884 बड़े एलईडी टीवी शीघ्र, आज जैम पोर्टल पर क्रय आदेश जारी हो गया है। जैम पोर्टल पर बिड अपलोड कर दी गई है। स्कूलों में वाईट बोर्ड्स, लाईट्स, आउटडोर स्पोर्टस सुविधा; रसोईघर, बिजली आपूर्ति, लाईब्रेरी पश्चात अब हर कक्षा कक्ष में टीवी स्थापित किये जा रहे है।

जिलाधिकारी के इस प्रोजेक्ट में ओएनजीसी, हुडको ने उत्सुकता, दिखाते हुए सभी स्कूलों को फर्नीचर से संतृप्त कर चुके हैं तथा जिला प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। ज्ञातब्य है कि डीएम सविन बसंल ने नैनीताल, अल्मोड़ा में डीएम रहते इसी तर्ज पर सभी सरकारी स्कूलों को आधुनिक स्मार्ट बना चुके हैं।

जिलाधिकारी ने खनन न्यास से स्कूलों में डिजिटल शिक्षा एलईडी स्क्रीन लगाने हेतु 3.67 करोड़ का फंड शिक्षा विभाग को दिया है। शिक्षा विभाग ने जैम पोर्टल पर एलईडी स्क्रीन क्रय करने हेतु क्रय आदेश जारी कर दिए है। जिले के 168 सरकारी माध्यमिक विद्यालय में 884 एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे जिससे सरकारी स्कूलों के बच्चों को डिजिटल कक्षाओं से जुड़ पठन–पाठन की सुविधा मिलेगी।

12 June 2025_Copy of Layout 1 6/13/2025 4:20 PM Page 8



# सहकारी बैंकों में शीघ्र होगी भर्ती, युवाओं को मिलेंगे रोजगार के मौके

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सूबे के बेरोजगार युवाओं के लिये खुशखबरी है। प्रदेश के सहकारी बैंकों में शीघ्र ही भारत सरकार के उपक्रम आईबीपीएस के माध्यम से 177 पदों पर भर्ती होने जा रही है। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इस भर्ती प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने और शीघ्र ही भर्ती विज्ञापन जारी करने के निर्देश दिये।



मंत्री धन सिंह रावत।

सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि सहकारिता विभाग के अंतर्गत जिला सहकारी बैंकों एवं राज्य सहकारी बैंकों के वर्ग–1, 2 एवं 3 के कुल रिक्त 177 पदों पर शीघ्र भर्ती की जायेगी। जिसमें वर्ग–1 के अंतर्गत वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के 8 पद, वर्ग–2 में कनिष्ठ शाखा प्रबंधक के 65 पद और वर्ग–3 के तहत लिपिक/कैशियर के 104 पद शामिल हैं। विभागीय मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने इस भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिये इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सलेक्शन (आईबीपीएस) को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय उपक्रम आईबीपीएस के माध्यम से पारदर्शिता तरीके से सहकारिता विभाग में दो बार भर्ती हो चुकी है। आईबीपीएस भारत सरकार का एकमात्र संस्था है जो राष्ट्रीयकृत बैंकों के कार्मिकों की भर्ती करती है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जो

**सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दी भर्ती प्रस्ताव को मंजूरी**

सहकारी बैंक के कार्मिकों की भर्ती के लिये इसी संस्था को चुना है ताकि पारदर्शिता तारीके से भर्ती की जा सके और योग्य युवाओं को मौका मिल सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने और शीघ्र ही आईबीपीएस के माध्यम से इसका भर्ती विज्ञापन जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस भर्ती का उद्देश्य सहकारी बैकों में रिक्त पदों को भरकर उनकी कार्यक्षमता को और बढ़ाना है।

डॉ. रावत ने बताया कि प्रदेश में सहकारी बैंकों का प्रदर्शन लगातार सुधर रहा है, अधिकतर सहकारी बैंक लाभ की स्थिति में है और बैंकों का एनपीए भी काफी कम हुआ है। उन्होंने बताया कि जिला सहकारी एवं राज्य सरकारी बैंकों में वित्तीय लेन–देन पहले की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है, निजी व राष्ट्रीयकृत बैंकों की भांति सहकारी बैंकों में भी बैंकिंग सुविधाएं बढ़ाई गई हैं, जगह–जगह नये एटीएम खोले गये हैं, चारधाम यात्रा मार्ग, पर्यटक स्थलों व दुर्गम क्षेत्रों में मोबाइल एटीएम वैन के माध्यम से सेवाएं दी जा रही है। इसके अलावा बैंकों द्वारा उपभोक्ताओं को नेट बैंकिंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही अन्य बैंकिंग सुविधाओं पर भी बैंक फोकस कर रहे हैं। जिससे सहकारी बैंकों पर उपभोक्ता का भरोसा बढ़ रहा है। सहकारी बैंकों में उपभोक्ताओं को आसान दरों पर ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है, इसके अलावा विभिन्न सहकारी योजनाओं का लाभ भी आम लोगों को बैंकों के माध्यम से दिया जा रहा है।

## औरत के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी मायावी इच्छाधारी बाबा गिरफ्तार

**उधमसिंहनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मायावी कलाओं और भ्रामक तरीकों से करोड़ो रूपये की ठगी करने वाले मायावी इच्छाधारी बाबा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बाबा बरेली के पीर जुनैद से वशीकरण युक्त रहस्यमय कलाएं सीखने का दावा करता था।

जानकारी के अनुसार बीती 8 जून को रुद्रपुर कोतवाली में एक महिला द्वारा तहरीर देकर बताया गया था कि आरोपी बाबा ने उसके घर के अंदर जमीन के नीचे दबा हुआ धन निकालने का नाटक रचते हुए उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया और उसकी आपत्तिजनक वीडियो भी बना ली। इस वीडियो के जरिए उसने पीड़ित से पाँच लाख रुपये वसूले। इसके बाद भी, आरोपी महिला को उस आपत्तिजनक वीडियो का डर दिखाकर 20 लाख रुपयों की और मांग कर रहा था। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी। जिसके परिणाम स्वरूप बीती रात आरोपी रामभक्त को डिग्री कॉलेज, रामपुर रोड, रुद्रपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को अपने खिलाफ हुए मुकदमे की भनक लग चुकी थी और वह मुंबई भागने की फिराक में था। पुलिस के अनुसार यह इच्छाधारी बाबा केवल एक धोखेबाज नहीं, बल्कि ठगी का एक माहिर कलाकार था, जिसके पास लोगों को अपने जाल में फंसाने के कई शातिराना तरीके थे।

## अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बाइक, दो की मौत

**रुद्रप्रयाग।** ऊखीमठ में बुधवार को एक बाइक गहरी खाई में जा गिरी। जिस पर सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह ऊखीमठ मार्ग पर एक बाइक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और आपदा राहत टीम ने युवकों को खाई से बाहर निकाला लेकिन दोनों ही युवकों की मौत हो चुकी थी।

## न्यूज डायरी

### गंगा में बह रही दो महिलाओं को पुलिस टीम ने रेस्क्यू कर बचाया



**टिहरी।** गंगा में बह रही दो महिलाओं को पुलिस टीम ने रेस्क्यू कर बचा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस समय लगभग साढे तीन बजे एक परिवार कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल से नीम बीच/पांडव पत्थर के पास गंगा स्नान करने आया था। गंगा स्नान करते हुए एक महिला का पैर फिसलने के कारण दूसरी महिला उसे बचाने गई। जिसे वह गंगा के तेज बहाव में बहने लगी तथा घबराकर शोर मचाने लगी। उक्त महिलाओं को बहता हुआ देखकर नीम बीच पर नियुक्त 40 वाहिनी हरिद्वार/आपदा राहत दल के कर्मचारियों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त बहने वाली महिलाओं को रेस्क्यू किया गया। परिवार के सदस्यों के द्वारा पुलिस टीम का धन्यवाद किया गया।

## मुख्यमंत्री की प्रेरणा से असहायों का सहारा बना डीएम जन दर्शन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जिलाधिकारी सविन बसंल अपने चिरपरिचित अंदाज में जनहित में एक बाद एक कड़े निर्णय ले रहें हैं।



जिलाधिकारी के जनता दर्शन कार्यक्रम में फरियादी सीमा गुप्ता जिनकी पति मृत्यु की 15 मई 2024 को मृत्यु हो गई थी। उनके पति द्वारा डीसीबी से 15.50 लाख का ऋण लिया था, जिसका बीमा आईसीआईसीआई लम्बार्ड द्वारा किया गया था, किन्तु पति की मृत्यु के बाद बैंक किश्त देना बंद कर दिया है तथा बीमा कम्पनी द्वारा बैंक लोन देने से मना कर दिया, जिस पर डीएम ने बैंक प्रबन्धक डीसीबी प्रा0लि0 को उपस्थित होने के निर्देश दिए थे तथा महिला का समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। बैंक प्रबन्धक द्वारा महिला के प्रकरण पर गंभीरता से न लिए जाने तथा महिला का समाधन न करने पर डीएम ने सम्बन्धित बैंक प्रबन्धक की आरसी काटने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा 09 जून को सम्बन्धित बैंक प्रबन्धक की रू0 1705000 आरसी जारी करते हुए 16 जून तक आरसी जमा करने के निर्देश दिए।

## पेज 01 का शेष...

### राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय, बैठक में छह प्रस्तावों को दी गई मंजूरी

मुद्रीकरण के फलस्वरूप जंहा लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवनों का बेहतर रख–रखाव संभव होगा एवं विभाग को अधिक राजस्व भी प्राप्त हो सकेगा, वहीं उस क्षेत्र मे आने वाले पर्यटको को बेहतर आवासीय सुविधायें प्राप्त होगी। वर्तमान में राज्य में परा–चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रमों हेतु उत्तराखण्ड पराचिकित्सा अधिनियम, 2009 एवं परा–चिकित्सा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों हेतु स्टेट मेडिकल फैकल्टी के प्राविधान प्रभावी हैं, के अन्तर्गत विभिन्न 22 पराचिकित्सा विधाओं में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का पंजीकरण किया जाता है। देश में सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख व्यवसायियों हेतु शिक्षा और सेवाओं के मानकों को विनियमित करने, आचार संहिता, प्रवेश परीक्षाएं, पाठ्यक्रम मानकीकरण, पंजीकरण के मानकों में एकरूपता लाने, अन्तर्राज्यीय पंजीकरण को सरल एवं सुलभ बनाये जाने तथा कुल 10 श्रेणियों में समूहीकृत 56 व्यवसायी उपाधियों को मान्यता प्रदान किये जाने हेतु राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग अधिनियम–2021 के अध्याय–3 की धारा 22 के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देखरेख परिषद् का गठन करने का कैबिनेट द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com

Website : www.nazariyakhabar.com

डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19